10.04.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने जाति जनगणना पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज की।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किसानों को सिंचाई के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास जारी।
- जल जीवन मिशन घोटाले में ए.सी.बी. की विशेष अदालत ने पूर्व आई.ए.एस. सुबोध अग्रवाल को पुलिस रिमांड पर भेजा।
- प्रदेश में बीते कुछ दिनों से जारी आंधी बारिश का सिलसिला थमने के साथ ही गर्मी ने ज़ोर पकड़ा।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने देश में जाति जनगणना पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका को आज खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह फैसला सुनाया। इस बीच, जनगणना–2027 के पहले चरण में अब तक पांच लाख 72 हजार से अधिक परिवारों ने 'स्व–गणना' में भागीदारी की है। भारत के महापंजीयक ने बताया कि यह डिजिटल जनगणना की दिशा में बढ़ती जनभागीदारी का परिचायक है। स्व–गणना की यह प्रक्रिया 15 अप्रैल तक जारी रहेगी। इसके तुरंत बाद 16 अप्रैल से 15 मई तक मकान सूचीकरण और आवास गणना का कार्य किया जाएगा। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में शुरू होगा, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विस्तृत डेटा एकत्र किया जाएगा।

000

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में सिंधी भाषा में भारत के संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। इस अवसर पर श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब नागरिक संविधान को अपनी भाषा में पढ़ और समझ सकते हैं, तो शासन और जनता के बीच की दूरी कम हो जाती है। इस अवसर पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जब संविधान सभी भाषाओं में उपलब्ध होगा, तो आम लोग भी इसे पढ़ सकेंगे और अपने अधिकारों को समझ सकेंगे।

000

गौरतलब है कि आज ही के दिन 1967 में सिंधी भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल कर मान्यता दी गई थी। इसी उपलक्ष्य में देश में 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में संगोष्ठर का भी आयोजन किया गया।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया है। उन्होंने विद्यार्थियों से लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने का भी आग्रह किया है। वे गोवा विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने शासन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को और मजबूत करना है।

000

आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने होम्योपैथी को करूणा और प्रमाण पर आधारित विज्ञान बताया है। श्री जाधव आज विश्व होम्योपैथी दिवस पर के मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री जाधव ने कहा कि होम्योपैथी की लोकप्रियता काफी बढ़ रही है और लोग इस ईलाज पद्धति को वरीयता दे रहे हैं। श्री जाधव ने कहा कि देश के स्वास्थ्य मॉडल में होम्योपैथी एक सतत स्वास्थ्य प्रणाली के रूप में स्थापित हो रही है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसानों की पहली आवश्यकता पानी है और इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आज जयपुर में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम–2026' के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर जिले के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 3 दिन के ग्राम 2026 में करीब डेढ़ लाख किसान भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए 15 अप्रैल से प्रदेशभर में 20 दिनों तक विशेष रथ चलाए जाएंगे।

000

श्री शर्मा ने इसके बाद 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा तथा समानता के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने बताया की लखपति दीदी योजना के माध्यम से अब तक 16 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वही 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर अब डेढ़ लाख रुपये कर दिया गया है। 'मां वाउचर योजना' के जरिए गर्भवती महिलाओं को मुफ़्त जांच सुविधाएं दी जा रही हैं साथ ही बालिकाओं के लिए निशुल्क एचपीवी वैक्सीन की भी शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय से 42 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। महिला सुरक्षा हेल्पलाइन–1090 के तहत संचालित होने वाली ये विमेन पीसीआर वैन प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सहायता प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। वाहनों को रवाना करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था और विशेष रूप से महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की।

000

राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत आज डीग जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने पूछरी का लोठा क्षेत्र में चलाये जा रहे विभिन्न संरक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। पत्रकारों से बातचीत मे उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व को बनाये रखने का काम किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढावा मिलेगा।

000

झुन्झुनू जिले में आज एक बेकाबू ट्रेलर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी। वही तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे जयपुर रैफर किया गया है। घटना तड़के नंगली दीप सिंह गांव में एक ट्रेलर के खेत के पास बने तंबू में घुसने से हुई। जहां सो रहे सात लोग इसकी चपेट में आ गये।

पुलिस के अनुसार ये परिवार मजदूरी के लिए इस क्षेत्र में आया हुआ था और खेत के पास ही तंबू लगाकर रह रहा था।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन घोटाले में आज पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी सुबोध अग्रवाल को 13 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ब्यूरो ने गहन पूछताछ के लिए अदालत से रिमांड की मांग की थी, जिसे स्वीकार किया गया। उन्हे कल नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद उन्हें जयपुर लाया गया।

इस बीच कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने सुबोध अग्रवाल की गिरफ्तारी को वर्तमान सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा पिछली राज्य सरकार के कार्यकाल में उन्होंने जल जीवन मिशन घोटाले से संबंधित कई तथ्य सामने रखे थे जिस पर कोई कार्यवाही नही की गई थी।

000

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से जारी आंधी और बारिश का दौर थमने के साथ ही अब गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा और तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। वहीं राजधानी जयपुर में तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। हालांकि, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज और कल बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। विभाग ने आगामी दो हफ्तों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है, जिससे कई शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज कोटा में 'पोषण पखवाड़े' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सीता शर्मा ने कुपोषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संतुलित और पोष्टिक आहार के महत्व को रेखांकित करते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये खान–पान में हरी सब्जियां और मौसमी फल अनिवार्य रूप से शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही, उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जीवन शैली अपनाने पर भी बल दिया।कार्यक्रम के दौरान पोषण और स्वास्थ्य विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसके विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

000